आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 21.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस चार दिन की भारत यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचे। श्री वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद हैं। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उपराष्ट्रपति वेंस की यह पहली भारत यात्रा है। वे आज शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके बाद वे दिल्ली में अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री वेंस का आज रात जयपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। उनका जयपुर में कई एतिहासिक धरोहरों के दौरे के साथ ही राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर–आरआईसी में एक बिजनेस समिट को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। श्री वेंस के जयपुर दौरे को लेकर सुरक्षा सहित अन्य व्यापक इंतजाम किए गए है। वीवीआईपी मूवमेन्ट को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किये गये है। कानून और व्यवस्था के एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वेंस के आगमन से लेकर उनके प्रवास तक, हर स्थान पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। श्री वेंस से मिलने वाले या उनके संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों का कोरोना टेस्ट अनिवार्य किया गया है। इससे पहले कल अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने हवा महल, सिटी पैलेस और आमेर किले का निरीक्षण भी किया।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं, किसानों और महिलाओं की असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार आज जिन नीतियों पर काम कर रही है और जो फैसले ले रही है, वे आने वाले वर्षों के भविष्य को आकार देने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सिविल सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं लोगों तक कितनी गहराई से पहुंचती हैं और उनका जमीनी स्तर पर कितना वास्तविक प्रभाव पड़ता है। इस कार्यक्रम में श्री मोदी ने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार भी प्रदान किये।

इधर, सिविल सेवा दिवस पर जयपुर के एचसीएम रीपा में राज्यस्तरीय मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कार्यकम को संबोधित करते हुए लोकसेवको को शासन व्यवस्था की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से काम करना ही सच्ची लोकसेवा है। उन्होंने लोकसेवको से सुशासन के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति रखने को कहा। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों की जबवादेही से ही सुशासन को बढावा मिलता है। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और ईमानदारी से उनका निस्तारण करने का आह्वान किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिये पुरस्कार भी प्रदान किये गये।

00

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज सिरोही जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री सिंह आबूरोड स्थित ब्रह्मकुमारीज़ मुख्यालय शांतिवन में सुरक्षा सेवा प्रभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सेना के जवानों के लिए राष्ट्रीय सेल्फ एम्पॉवरमेंट कैंपेन की शुरूआत करेंगे। इस कैंपेन के तहत देशभर में सेना की 40 डिविजन और 14 कोर में सेल्फ एम्पॉवरमेंट वर्कशॉप और सेमीनार आयोजित किए जाएंगे। रक्षा मंत्री प्रभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में भी भाग लेंगे।

0000

चित्तौड़गढ़ में कल देर रात एक सड़क हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना निंबाहेड़ा–चित्तौड़गढ़ फोरलेन पर उस समय हुई, जब एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर, सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। कार में सवार सभी लोग मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के निवासी थे और चित्तौड़गढ़ स्थित सांवलियाजी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निंबाहेड़ा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। उधर, भरतपुर के बयाना मार्ग स्थित उच्चैन के पास कल पैदल जा रहे पति–पत्नी को पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस परीक्षा 2023 के पहले चरण के साक्षात्कार आज से आयोजित किए जा रहे है। ये साक्षात्कार 2 मई तक चलेंगे। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 972 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसका परिणाम आयोग ने दो जनवरी 2025 को घोषित किया था। जिसमें 2 हजार 168 अभ्यर्थी सफल हुए थे।

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान राज्य में कई जगह हल्के और मध्यम बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार 42 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान के साथ चूरू सबसे गर्म शहर रहा।

**0000**